OXFORD ECONOMICS

YouTube

# 2023 में YouTube का भारत पर प्र भाव



YouTube हर दिन नये कौशल सीखने, दूसरों से जुड़ने और अपने जीवन को समृद्ध बनाने में भारतियों की मदद करता है। यह तरह-तरह के कंटेंट क्रिएटर्स को समूचे भारत और दुनियाभर के दर्शकों के साथ अपने जोश और शौक को साँझा करने का एक ऐसा मंच भी उपलब्ध कराता है, जिससे नये करियर और व्यवसाय शुरू करने के अवसर पैदा होते हैं।

**₹ 16,000+ करोड़**


2023 में YouTube के क्रिएटव इकोसिस्टम ने भारत की जीडीपी में 16,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा का योगदान किया।

**9,00,000+**

2023 में, YouTube के क्रिएटिव इकोसिस्टम ने भारत में 9,00,000 से अधिक फुल-टाइम इक्विवैलेंट नौकरियों को सहारा दिया।


## क्रिएटर्स और व्यवसायों के लिए फलने-फूलने के अवसरों को आसान बनाकर सब तक पहुँचाना

YouTube सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए नये दर्शकों से जुड़ने के मार्केटिंग प्लेटफॉर्मतथा कामगारों के लिए एक मुफ़्त सूचना और प्रशिक्षण मंच के रूप में एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है।[1] हज़ारों भारतीय क्रिएटर YouTube के जरिए कमाई करते हैं, इनमें अपनी प्राथमिक आय बढ़ाने वाले व्यक्तियों से लेकर अपने चैनल से जीविका कमाने वाले पेशेवर कं टेंट क्रिएटर तक शामिल हैं।




### एमएसएमई को बढ़ावा देना

YouTube चैनल वाले 81% एमएसएमई यह मानते हैं कि YouTube से उन्हें अपनी कमाई बढ़ाने में मदद मिली है।




### अवसर प्रदान करना

YouTube से पैसा कमाने वाले 64% क्रिएटर यह मानते हैं कि YouTube कं टेंट बनाने और पैसा कमाने का एक ऐसा अवसर प्रदान करता है जो उन्हें पारम्परिक मीडिया से नहीं मिलता।

## @suyashfashion3847

2023 में, यशी टैंक ने जब उद्यमिता की दिशा में बढ़ने का फैसला किया, उस समय वे YouTube पर एक अनुभवी व्लॉगर थीं। उन्होंने सुयश फै शन नाम के एक ऐसे बुटीक को लॉन्च किया जिसे राजस्थानी प्रिंट और सांगानेरी डिज़ाइन में महारथ हासिल है। यशी ने अपने कारोबार को बढ़ाने और 30 लाख से ज़्यादा सब्सक्राइबर्स वाला एक मज़बूत समुदाय बनाने के लिए इस प्लेटफॉर्म पर अपने गहरे ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाया।




अदधक जानकारी यहाँ उपलब्ध है ।

1 एमएसएमई को एक ऐसी कं पनी के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसका घरेलू राजस्व 250 करोड़ रुपये से कम है और जिसके भारत में निवेश का मूल्य 50 करोड़ रुपये से कम हैं।


# प्रामाणिक जानकारी से भारतीयों का सशक्तिकरण

YouTube उपयोगकर्तताओं को उनके स्थानीय क्षेत्र और यहाँ तक कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व वाली विश्वसनीय कंटेंट प्रदान करके समसामयिक मामलों और दिन-प्रतिदिन के समाचार के बारे में जानकार बनाता है। जैसे-जैसे ज़्यादा-से-ज़्यादा लोग, ज़रूरत के वक़्त, ऐसी प्रामाणिक जानकारी के लिए YouTube का रुख करते हैं, जिसमें निजी स्वास्थ्य के मामले तथा ज्ञान और समझ की तलाश शामिल है, वैसे-वैसे YouTube महत्वपूर्णविषयों पर विश्वसनीय स्रोतों का दायरा बढ़ाता जाता है।




### भरोसेमंद समाचार स्रोत

3 में से 1 से ज़्यादा उपयोगकर्तताओं ने YouTube पर समाचार खोजे हैं। इनमें से 80% यह मानते हैं कि वे YouTube पर भरोसेमंद एवं विश्वसनीय स्रोतों से समाचारों की जानकारी पा सकते हैं।




### स्वास्थ्य जानकारी के भरोसेमंद स्रोत

3 में से 1 से ज़्यादा उपयोगकर्तताओं ने YouTube पर स्वास्थ्य संबंधित जानकारी खोजी है। इनमें से 81% यह मानते हैं कि उन्हें YouTube पर भरोसेमंद एवं विश्वसनीय स्रोतों से स्वास्थ्य संबंधित जानकारी मिली है।


## @Manipalhospitals

भारत के अग्रणी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में शामिल मनीपाल हॉस्पिटल्स लोगों के बीच विश्वसनीय स्वास्थ्य जानकारी सुलभ बनाकर बदलाव लाना चाहता था। 2010 के बाद से 5,500 से ज़्यादा वीडियो प्रकाशित करके वे अपने YouTube कं टेंट के साथ लाखों भारतीयों तक पहुँच बना चुके हैं। YouTube की बहु-भाषी ऑडियो सुविधा का उपयोग करके मनीपाल हॉस्पिटल्स दर्शकों को एक विश्वसनीय आवाज़ दे रहा है और उनकी पसंदीदा भाषा में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की ओर से प्रस्तुत ज़्यादा-से-ज़्यादा कं टेंट खोजने में मदद कर रहा है।

manipalhospitals
LIFE'S ON


# सीखने और आगे बढ़ने में भारतियों को मिल रही मदद

YouTube अलग-अलग उम्र और कौशल के सीखने वालों को सहयोग देने के लिए क्रिएटर्स को कं टेंट पोस्ट करने का एक मंच उपलब्ध कराता है। बात हो चाहे कोई नया तकनीकी कौशल सीखने की, करियर में बदलाव करने की, किसी शौक को बढ़ावा देने की, या बस खुद को बेहतर बनाने की, YouTube सीखने वालों के लिए सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम, जानकारी, तरीका सिखाने वाले मार्गदर्शन और ट्यूटोरियल तक पहुँच प्रदान करता है। इसी तरह, YouTube के तरह-तरह के शैक्षणिक वीडियो पैरेंट और शिक्षकों को भी छात्रों के लिए शिक्षण संबंधित कं टेंट उपलब्ध करवा सकते हैं।




### एक शिक्षण टूलकिट

YouTube का इस्तेमाल करने वाले 97% शिक्षकों ने बताया है कि उन्होंने अपने पाठों और/ या अभ्यास में YouTube की सामग्री इस्तेमाल की है।





### पढ़ाई में मददगार

YouTube स्तेमाल करने वाले 91% शिक्षकों का मानना है कि YouTube वीडियो से, उन्हें छात्र-छात्राओं को मुश्किल विषय समझाने में मदद मिलती है.


## @nehamamsarmy

संख्याओं और समीकरणों में खासी दिलचस्पी रखन वाली नेहा अग्रवाल ने 2017 में गणित को आसान बनाने का सामान्य-सा लक्ष्य लेकर अपन YouTube चैनल शुरू किया। वे अलग-अलग शिक्षण शैलियों से तालमेल बनाकर वीडियो बनाती हैं जिनसे छात्र अपनी रफ़्तार और क्षमता के अनुसार सीख सकते हैं। उनकी जिंगल और कहानियाँ उनके कं टेंट को को मनोरंजक और प्रासंगिक बनाती हैं। अपनी रचनात्मक शिक्षण शैली से उन्हें लगभग 16 लाख सब्सक्राइबर्स के अलावा बेशुमार सफलता भी मिली है। नये टू ल्स की मदद से नेहा ने जॉएंट एन्ट्रेंस एग्ज़ामिनेशन (जेईई) के इच्छुक छात्रों के लिए एक नया YouTube पाठ्यक्रम तैयार किया है।





# भारत और भारक्तयों के हु नर को पूरे

YouTube पर कई तरह के क्रिएटर, कं टेंट तथा समुदाय देश-विदेश में रहने वाले कई भारतीयों के लिए अपनेपन और जुड़ाव की भावना लेकर आते हैं। यह प्लेटफॉर्म भारतीय संस्कृति को दुनियाभर में पहुँचाने वाले स्थानीय क्रिएटर्स और कलाकारों को वैश्विक दर्शकों से भी जोड़ता है।




### दुनिया भर में पहुँचाना

YouTube चैनल वाली 77% मीडिया और म्यूज़िक कम्पनियाँ यह मानती हैं कि YouTube दुनिया भर में नये दर्शकों तक पहुँचने में उनकी मदद करता है।




### अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों तक पहुँचाना

YouTube से पैसा कमाने वाले 87% क्रिएटर यह मानते हैं कि YouTube उन्हें अपने कं टेंट को उन अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों तक पहुँचाने में मददगार है, जिन तक अन्यथा वे पहुँच नहीं पाते।

OXFORD ECONOMICS

YouTube